उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांकः– 13.04.2026

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री शशांक सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में वर्चुअल जनसुनवाई का आयोजन किया गया, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांक 13.04.2026 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री शशांक सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा से गूगल मीट के माध्यम से वर्चुअल जनसुनवाई आयोजित की गई। इस पहल के अंतर्गत जनपद के समस्त पुलिस अधिकारी एवं थाना प्रभारी वर्चुअल माध्यम से सीधे जुड़कर जनसमस्याओं के समाधान में सहभागी बने।

जनसुनवाई के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आये शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना गया तथा संबंधित थाना प्रभारियों से सीधे संवाद स्थापित कर प्रत्येक प्रकरण के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण हेतु स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी शिकायतों का निस्तारण पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाए, जिससे आमजन को शीघ्र न्याय एवं राहत प्राप्त हो सके।

साथ ही उन्होंने जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाते हुए प्रत्येक स्तर पर प्रभावी एवं उत्तरदायी पुलिसिंग सुनिश्चित करने पर बल दिया।



महोबा पुलिस — समस्याओं का समाधान, पारदर्शिता के साथ

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

**प्रेस विज्ञप्ति**
**दिनांक:– 13.04.2026**

# महोबा पुलिस

**मीडिया सेल, महोबा**

## मिशन शक्ति फेज-5.0 (द्वितीय चरण) के अंतर्गत जनपद महोबा में व्यापक जनजागरूकता अभियान संचालित

मिशन शक्ति फेज-5.0 (द्वितीय चरण) के अंतर्गत जनपद महोबा के समस्त थानों में व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

प्रदेश में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को सुदृढ़ एवं सशक्त बनाने के उद्देश्य से संचालित विशेष अभियान के क्रम में आज दिनांक 13.04.2026 को जनपद महोबा में विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

उक्त कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वंदना सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद के समस्त थानों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में संपन्न कराए गए।

कार्यक्रम के अंतर्गत पुलिस टीमों द्वारा बाजारों, सार्वजनिक स्थलों, शैक्षणिक संस्थानों एवं ग्राम/कस्बा क्षेत्रों में पहुंचकर महिलाओं एवं बालिकाओं से संवाद स्थापित किया गया। इस दौरान उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना गया तथा उन्हें आश्वस्त किया गया कि किसी भी प्रकार की शिकायत, उत्पीड़न अथवा आपात स्थिति में पुलिस द्वारा त्वरित सहायता प्रदान की जाएगी।

पुलिस टीमों ने महिलाओं को घरेलू हिंसा, छेड़छाड़, साइबर अपराध एवं अन्य महिला संबंधी अपराधों के प्रति जागरूक करते हुए उनके कानूनी अधिकारों की जानकारी दी। साथ ही महिला हेल्पलाइन नंबर 1090, 112, 181 आदि एवं मिशन शक्ति केंद्रों की सेवाओं के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया।

कार्यक्रम के दौरान महिलाओं एवं बालिकाओं को आत्मरक्षा के प्रति प्रेरित करते हुए यह संदेश दिया गया कि वे किसी भी प्रकार की समस्या के संबंध में निडर होकर पुलिस से संपर्क करें।

जनपद महोबा पुलिस महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने, उन्हें सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने तथा उनके प्रति होने वाले अपराधों की रोकथाम हेतु निरंतर सक्रिय एवं प्रतिबद्ध है।





उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

# महोबा पुलिस

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांकः– 13.04.2026

मीडिया सेल, महोबा

## मिशन शक्ति फेज–5.0 (द्वितीय चरण) के तहत महिला सुरक्षा एवं साइबर जागरूकता अभियान — महोबा पुलिस का संवेदनशील प्रयास-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में संचालित मिशन शक्ति फेज–5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन के उद्देश्य से विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रम, कार्यशालाएँ एवं संवाद सत्र आयोजित किए जा रहे हैं।

इसी क्रम में आज दिनांक 13.04.2026 को जनपद के समस्त थानों में नियुक्त मिशन शक्ति पुलिस टीमों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र अंतर्गत स्कूलों/कॉलेजों एवं सार्वजनिक स्थलों पर पहुंचकर छात्राओं, छात्रों एवं महिलाओं को आत्मरक्षा, उनके अधिकारों तथा साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया गया।

कार्यक्रमों के दौरान छात्राओं को 'गुड टच' व 'बैड टच' की पहचान, आत्मरक्षा के सरल उपाय तथा महिला सम्बन्धी अपराधों से बचाव के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म (व्हाट्सएप, ट्विटर, फेसबुक, इंस्टाग्राम आदि) के सुरक्षित एवं जिम्मेदार उपयोग के लिए प्रेरित किया गया।

### साइबर अवेयरनेस कैम्पेन — डिजिटल युग में सुरक्षा की ओर कदम-

मिशन शक्ति कार्यक्रम के साथ-साथ महोबा पुलिस द्वारा "साइबर अवेयरनेस कैम्पेन" भी संचालित किया जा रहा है। इसके तहत लोगों को साइबर अपराधों के प्रकार, उनसे बचाव के उपाय, साइबर फ्रॉड की पहचान, फेक लिंक/ओटीपी धोखाधड़ी से सतर्क रहने की जानकारी दी गई।

इस दौरान छात्र/छात्राओं को साइबर अपराध की शिकायत हेतु राष्ट्रीय हेल्पलाइन नम्बर 1930 एवं पोर्टल www.cybercrime.gov.in के माध्यम से शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया से भी अवगत कराया गया।

### महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर—

- 1076 – मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1090 – वीमेन पावर लाइन 181 – महिला हेल्पलाइन 112 – पुलिस आपातकालीन सेवा 102 – गर्भवती महिलाओं/नवजात शिशुओं के लिए एम्बुलेंस सेवा 108 – सामान्य एम्बुलेंस सेवा 1098 – चाइल्ड हेल्पलाइन 101 – अग्निशमन सेवा 1930 – साइबर हेल्पलाइन

### अभियान का उद्देश्य-

मिशन शक्ति फेज–5.0 (द्वितीय चरण) एवं साइबर अवेयरनेस कैम्पेन का मुख्य उद्देश्य महिलाओं में आत्मविश्वास का संचार करना, आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना, डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाना तथा समाज में महिला सम्मान की भावना को और अधिक सशक्त बनाना है।











## "नारी शक्ति वंदन सम्मेलन" का महोबा में सजीव प्रसारण, पुलिस एवं आमजन की रही व्यापक सहभागिता।

आज दिनांक 13.04.2026 को भारत सरकार द्वारा मा0 प्रधानमंत्री जी की अध्यक्षता में विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आयोजित "नारी शक्ति वंदन सम्मेलन" कार्यक्रम का जनपद महोबा में व्यापक स्तर पर सजीव प्रसारण किया गया।

पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में जनपद के समस्त थाना/शाखाओं पर उक्त कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया गया, जिसमें पुलिस कर्मियों के साथ-साथ भारी संख्या में आमजन मानस, विशेषकर महिलाओं की सहभागिता सुनिश्चित की गई। इस पहल का उद्देश्य अधिक से अधिक महिलाओं एवं नागरिकों को कार्यक्रम से जोड़कर मा0 प्रधानमंत्री जी के प्रेरणादायक संबोधन से अवगत कराना रहा।

इसी क्रम में पुलिस लाइन महोबा के सभागार कक्ष में अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वंदना सिंह की उपस्थिति में पुलिस कर्मियों एवं उनके परिजनों के साथ कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी लोगों ने नारी सशक्तिकरण से जुड़े विचारों को आत्मसात करते हुए समाज में महिलाओं की भूमिका को और सुदृढ़ बनाने का संकल्प लिया।

उक्त आयोजन के माध्यम से जनपद में महिला सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने एवं सकारात्मक संदेश प्रसारित करने का सराहनीय प्रयास किया गया।






## थाना पनवाड़ी में मिशन शक्ति केन्द्र के माध्यम से दम्पत्ति विवाद का सफल निस्तारण, आपसी सहमति से साथ रहने पर बनी सहमति।

आज दिनांक 13/04/2026 को थाना पनवाड़ी पर स्थापित मिशन शक्ति केन्द्र में आवेदिका श्रीमती अंजू पत्नी चंद्रप्रकाश अहिरवार निवासी ग्राम महुआ थाना पनवाड़ी जनपद महोबा द्वारा डायल 112 के माध्यम से अपने पति चंद्रप्रकाश अहिरवार पुत्र मैयादीन अहिरवार के विरुद्ध शिकायत दर्ज कराई गई। आवेदिका द्वारा बताया गया कि उनके पति द्वारा आए दिन मामूली बातों पर विवाद किया जाता है तथा घर खर्च हेतु पर्याप्त धनराशि नहीं दी जाती, जिससे वह मानसिक रूप से परेशान हैं।

प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए दोनों पक्षों को थाना कुलपहाड़ पर उपस्थित कराया गया, जहां मिशन शक्ति केन्द्र के माध्यम से उनकी काउंसलिंग की गई। काउंसलिंग के दौरान दोनों पक्षों की समस्याओं को विस्तार से सुना गया, जिसमें यह तथ्य सामने आया कि पूर्व में भी कई बार उनके मध्य विवाद हो चुका है।

मिशन शक्ति केन्द्र के माध्यम से दोनों पक्षों को आपसी समझ-बूझ एवं पारिवारिक सामंजस्य बनाए रखने हेतु समझाया गया। काउंसलिंग के पश्चात दोनों पति-पत्नी आपसी सहमति से साथ रहने तथा भविष्य में विवाद न करने पर सहमत हुए। साथ ही पति द्वारा परिवार के समस्त खर्चों का समुचित वहन करने एवं किसी प्रकार का विवाद न करने का आश्वासन दिया गया।

इस प्रकार मिशन शक्ति केन्द्र की पहल से पारिवारिक विवाद का शांतिपूर्ण एवं सफल निस्तारण कराया गया।



